हिंदी व्याकरण

पाठ - 6 → वचन (Number)

1 क. परिभाषा लिखिए।

वचन - जिस शब्द-रूप से संज्ञा के एक या एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।
जैसे - एक बच्चा → अनेक बच्चे।

ख. वचन कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

→ वचन दो प्रकार के होते हैं - 1. एकवचन 2. बहुवचन

1. एकवचन - शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का पता चलता है, उसे एकवचन कहते हैं।
उदाहरण - लड़का, पुस्तक, बिल्ली आदि।

2. बहुवचन - शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं।
उदाहरण - लड़के, पुस्तकें, बिल्लियाँ आदि।

II सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए।

क. वचन संज्ञा शब्दों की संख्या बताते हैं। [✓]
ख. वचन तीन प्रकार के होते हैं। [×]

ग. एक से अधिक संख्या बताने वाले शब्दों को बहुवचन कहते हैं। ✓

घ. 'सोना' शब्द का वचन बदलता है। ✗

III वचन बदलिए।

	एकवचन	बहुवचन
क.	बच्चा	बच्चे
ख.	पुस्तक	पुस्तकें
ग.	रात	रातें
घ.	वस्तु	वस्तुएँ
ङ.	वधू	वधुएँ
च.	मिठाई	मिठाइयाँ
छ.	चिड़िया	चिड़ियाँ
ज.	आँसू	आँसू
झ.	चारपाई	चारपाइयाँ
ञ.	पतंग	पतंगें
ट.	छात्रा	छात्राएँ
ठ.	घड़ी	घड़ियाँ

IV. वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।

क. अभय ने मिठाई खा ली है।
⇒ अभय ने मिठाइयाँ खा ली हैं।

ख. बागों में अनेक मोर नाच रहे हैं।
⇒ बाग में एक मोर नाच रहा है।

ग. कमरे में चाबी रखी हुई है।
⇒ कमरे में चाबियाँ रखी हुई हैं।

घ. लड़की अपनी गुड़िया को सजा रही है।
⇒ लड़कियाँ अपनी गुड़ियों को सजा रही हैं।

ङ. बच्चे खेल रहे हैं।
⇒ बच्चा खेल रहा है।

——— x ———

पाठ ४ : विशेषण (Adjective)

I परिभाषा लिखिए।

विशेषण - जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, वे विशेषण कहलाते हैं।
जैसे - गोरा, सुंदर, छोटा, अच्छा, चार, बूढ़ा आदि।

II नीचे लिखे संज्ञा शब्दों के लिए एक-एक विशेषण शब्द लिखिए।

⇒

संज्ञा शब्द		विशेषण
क. पर्वत	→	ऊँचा
ख. घोड़ा	→	काला
ग. चीनी	→	मीठी
घ. सैनिक	→	वीर
ङ आसमान	→	नीला
च. लड़की	→	सुंदर
छ. लड़का	→	चंचल
ज. वृक्ष	→	छायादार
झ. आम	→	रसीले
ञ. तितलियाँ	→	रंग-बिरंगी

III उचित विशेषण शब्द छाँटकर खाली स्थान भरिए।

क. गमले में <u>लाल</u> गुलाब खिला हुआ है। (सुंदरता/लाल)

ख. मेरी माँ के पास कई <u>सुंदर</u> साड़ियाँ हैं। (सुंदर/पिचकी)

ग. कमल बाज़ार से <u>एक किलो</u> आलू लेने गया है। (एक मीटर/ एक किलो)

घ. सजल एक <u>समझदार</u> बालक है। (ऊँचा / समझदार)

ङ. पेड़ के नीचे एक <u>बूढ़ा</u> आदमी बैठा है। (बचपन/बूढ़ा)

—— x ——